तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, अप्रैल 22, 2025



10 सातवीं कक्षा के छात्र की पेंटिंग विशेषतौर पर सम्मानित





10 छात्राओं ने किया नशे के खिलाफ जागरूक





## खबर संक्षेप

### पानीपत में मजदूर को सांप ने डसा

**पानीपत।** पानीपत के गांव छाजपुर में मनोज मूल निवासी लखनऊ, उत्तर प्रदेश को सांप ने डस लिया। ग्रामीणों ने मनोज को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। मनोज धागा मिल में नौकरी करता है और गांव छाजपुर में किराए के कमरे में अकेला रहता है। रविवार को रात को सोते समय सांप ने उसे डसा था।

### कालखा के स्कूल से सामान चोरी

**इसराना।** पानीपत के गांव कालखा के सरकारी कन्या प्राथमिक स्कूल से दो गैस सिलेंडर और एक बड़ा चूल्हा चोरी हो गया। इधर, हेडमास्टर हरेंद्र कुमार की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं हरेंद्र ने स्कूल में चोरी की घटना की शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत दी है।

### छात्रों को बताया पर्यावरण संरक्षण का महत्व

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में पृथ्वी दिवस पर पौधे रोपे गए। वहीं, प्रिंसिपल मोनिका सहगल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। स्कूल के मैनेजर सुभाष जैन ने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक हरित भविष्य के निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करना है।

### अवैध खनन करने वाले पर जुर्माना

**पानीपत।** जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि खौतपुरा के पास अवैध रूप से रेती से भरा ट्रक को अपने कब्जे में लिया व उन्हें आवश्यक कार्यवाही करने के बाद सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अवैध वाहन पर 4 लाख 20 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है। इस मौके पर संयुक्त टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### ऑफिस की दराज से 2.15 लाख रुपये चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी की केसर नगर कॉलोनी स्थित फैक्ट्री के ऑफिस की दराज से चोरों ने दो लाख 15 हजार रुपये चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार केसर नगर निवासी जगजीत सिंह ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कॉलोनी में ही फैक्ट्री है। वह रात आठ बजे फैक्ट्री से काम खत्म करके अपने घर आ गया था। सुबह जब वह फैक्ट्री में गया तो उसे दराज खुला मिला। जांच करने पर दराज में रखे दो लाख 15 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज ।किया है।

## एडीसी ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# पुलिस के आर्केस्ट्रा बैंड ने मचाई धूम, देशभक्ति गीतों से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

- कहा नशे के खिलाफ यात्रा से मजबूत होगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



हरियाणा आउटरीच कार्यक्रम के तहत साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत ने सोमवार को एससी स्पोर्ट्स छात्रावास अंबाला छावनी से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने यात्रा के सफलतापूर्वक आयोजन करवाने वाले अधिकारियों व अन्य को स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी को नशा मुक्त हरियाणा की शपथ भी दिलवाई गई। इस मौके पर पुलिस के आर्केस्ट्रा बैंड ने देश भक्ति व अन्य गीतों के माध्यम से नशे दूर रहने का संदेश भी दिया।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत ने इस मौके पर कहा कि साइक्लोथॉन -2.0 यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश को नशा मुक्त करना है। यूथ को नशे से दूर रखना है। नशे के दुष्प्रभाव बारे आमजन में जागरूकता भी लाना है। इसके साथ साथ यदि कोई नशे की गिरफ्त में है तो उसे इस गिरफ्त से बाहर भी लाना हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला में प्यार हो, शिक्षा हो, जोश हो लेकिन नशा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबको नशा कोई भी उससे दूर रहना चाहिए। एडीसी कहा कि यह यात्रा नशा मुक्त हरियाणा बनाने में कारगर साबित होगी। यात्रा में काफी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, मेडिकल एसोसिएशन व अन्य लोगों ने भारी संख्या में हिस्सेदारी की। इस मौके पर उन्होंने साइकिल यात्रा में शामिल प्रतिभागियों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। यात्रा के दौरान पुलिस विभाग के ऑर्केस्ट्रा बैंड ने भी गीतों के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस दौरान दिल दिया है जान भी देंगे,..... न नशा करो न वार करो, करना है तो प्यार करो, मुश्किल से मिलता है जीवन क्या तुमको नही पता,.... पाके खाकी वर्दी -पुलिस ता सेवा देश दी करदी..... जैसे गीतों से उपस्थित सभी का मनोरंजन करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया।



### लोगों में जागरूकता आएगी

भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा नशा मुक्त हरियाणा को लेकर जो यह साइकिल यात्रा निकाली जा रही है निस्संदेह उससे लोगों में जागरूकता आएगी। इस अवसर पर बीईओ सुदेश कुमारी, जिला खेल अधिकारी राजबीर सिंह रंगा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, रवि राणा दुखेड़ी, कविता , रिंकू मझाल, जसपाल, कोच परमजीत, कोच राम कुमार, कोच संजय, कोच सुखचैन, कोच विकास, कोच रविंद्र, कोच विश्वजीत, अंजू दुआ, कुसुम, मधू थापा, पूनम व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### इन्हें किया सम्मानित

इस दोरान शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, सीडीपीओ सुमन दहिया, गुरपाल सिंह, मोती नागर, कैप्टन अजय गौरी, अभिषेक, प्रिंसिपल देशराज बाजवा को भी सम्मानित किया गया। अंबाला होलसेल केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारीगण भी इस यात्रा में शामिल होकर अपनी उपस्थित दर्ज करवाई। प्रधान राजीव गोयल, विजंयत अग्रवाल, कैश्यिर सुरेंद्र खेड़ा, प्रदीप गुप्ता, अनुराग, रोहित जैन व अन्य ने भी कहा कि यह साइकिल यात्रा जन जन तक नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देने में बेहद कारगर सिद्ध होगी। मोहड़ा पहुंचने पर यात्रा का भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार, मोहड़ा मंडल अध्यक्ष कुलदीप, जिला महामंत्री गोल्डी सैनी ने स्वागत किया। इस दौरान हॉकी कोच अमनदीप द्वारा साहा से मोहड़ा तक साईकिल यात्रा में शामिल होने पर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। खेल विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई उन्हें साइकिल दी गई।



अंबाला। कार्यक्रम में सम्मानित किए गए समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी।

### समाजसेवा में योगदान देने वाली 50 सामाजिक संस्थाओं को मिला सम्मान

अंबाला। बराड़ा शाखा के ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाली सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में मधुर संबंधों से खुशनुमा जीवन कैसे बना सकते हैं विषय पर विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके सविता दीदी के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्या वक्ता अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. ईवी स्वामीनाथन भाई ने कहा कि हम देखते हैं कि दुनिया में निस्वार्थ संबंध कम होते जा रहे है।इसका विशेष कारण है कि हर कोई ख़ुद को ही राइट कहता है। दुनिया की इस झूठी शानो शौकत में मनुष्य इतना उलझ गया कि वह स्वयं की सच्ची पहचान अर्थात अपने आत्मिक स्वरूप को ही भूल गया है। राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास द्वारा हम यह सीखते है कि कैसे हम स्वयं की सच्ची पहचान प्राप्त कर, नकारात्मक विचारों का त्याग कर, सुंदर विचारों को जीवन में धारण करें। कृषि व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा के सुपुत्र नेपाल राणा कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पधारे थे।

## मारपीट की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस पर किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की आदर्श नगर कॉलोनी में बीती रात मारपीट की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम के साथ व्यक्ति ने मारपीट की। पुलिस टीम जब आरोपी व्यक्ति को गाड़ी में बिठाने लगी तो आरोपी व्यक्ति के पिता व बेटे ने भी पुलिस टीम के साथ हाथापाई कर उसे छुडाने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार गांधी नगर थाने में एसपीओ जगजीत सिंह ने बताया कि वह रात को एचजीएच ललित कुमार के साथ ड्यूटी पर था। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि आदर्श नगर कॉलोनी में सुरजीत सिंह नशे की हाल में घरवालों के साथ मारपीट कर रहा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। इस दौरन आरोपी ने नशे की हालत में एचजीएच ललित पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोपी ने रॉड ललित के हाथ पर मारी। जिससे सरकारी फोन टूट गया। आरोपी ने दूसरा वार ललित की टांगों पर किया। जिसके बाद उन्होंने पुलिस थाने में फोन किया। इस दौरान एसआई जसबीर सिंह मौके पर पहुंचा। इस दौरान आरोपी नशे की हालत में अपने ऊपर ही चोट मारने लगा। जब वह आरोपी को पकड़कर उसे गाड़ी में बिठाने लगे तो सुरजीत सिंह का पिता महेंद्र सिंह व उसका लड़का मयंक पुलिस टीम के साथ हाथापाई करने लगे। वह आरोपी को गाड़ी में बिठाकर थाने ले आए और मामले की शिकायत दी।

### हादसों में महिला व व्यक्ति की मौत, तीन घायल

**यमुनानगर।** जिले में सड़क हादसों में महिला व व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में मृतक महिला का पति व बच्चे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रडा का माजरा निवासी रिंकू अपनी 35 वर्षीय पत्नी रेनू बाला व दो बच्चों के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह कैल कलानौर बाईपास हाइवे पर गांव सुढैल चौक के पास सड़क क्रॉस करने लगे तो तेज गति से आ रहे गेहूं से भरे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार रेनू बाला समेत चारों घायल हो गए। कुछ देर बाद रेनू बाला की मौके पर ही मौत हो गई।

**बाइक सवार व्यक्ति की मौत**

दाऊदपुरा निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता उदय सिंह बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह नाका ताजेवाला के पास पहुंचा तो ट्रैक्टर-ट्राली ने उसके पिता की बाइक को टक्कर मार दी। लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## डिजिटल अरेस्ट करने के चार आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



फर्जी अरेस्ट वारंट के जरिए डिजिटल अरेस्ट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने काबू कर लिया है। पुलिस ने पूछताछ के जरिए आरोपियों से करीब तीन लाख रुपये की नकदी व तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। थाना साइबर क्राइम में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने पहले दिल्ली के आरोपी मनिंद्र सिंह व नवीन कुमार को गिरफ्तार किया था। तब पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर लिया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया था कि आरोपी नोएडा का रहने वाला अनिल भी इस मामले में शामिल है। तब आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अनिल को गिरफ्तार किया। साथ ही मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी लुधियाना के सुनील कुमार को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 2 लाख 97 हजार रूपये व तीन मोबाइल बरामद किए गए। पालम विहार के रहने वाले राजेंद्र ने 6 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मार्च 2025 से 5 अप्रैल 2025 के दौरान आरोपियों ने फर्जी अरेस्ट वारंट भेजकर उसे डिजिटल अरेस्ट किया था। इस दौरान आरोपियों ने उसे डराकर मोटी रकम हड़प ली।

### कुवि ने घोषित किए 8 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 8 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एम.एस.सी. (अर्थशास्त्र) ऑनर्स. तीसरा सेमेस्टर (एनईपी), एम.एस.सी. (होम साइंस) पहला सेमेस्टर (रि-अपीयर), एम.एस.सी. (होम साइंस) तीसरा सेमेस्टर (नया), एम.टेक. (अनुप्रयुक्त भूविज्ञान) सातवां सेमेस्टर, एम.टेक. (अनुप्रयुक्त भूविज्ञान) पांचवां सेमेस्टर, एम.टेक. (अनुप्रयुक्त भूविज्ञान) सातवां सेमेस्टर, मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट पांचवां सेमेस्टर एनईपी तथा एम.एस.सी. (कंप्यूटर साइंस) सॉफ्टवेयर पहला सेमेस्टर (सीबीसीएस)(रि-अपीयर) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं।

### भाजपा विधायक और चेयरमैन पर लगाए गंभीर आरोप

## नीलोखेड़ी नपा चेयरमैन के निर्वाचन को कोर्ट में चुनौती

- चुनाव रद्द करने की मांग, अगली सुनवाई 22 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नगर पालिका नीलोखेड़ी के पिछले दिनों हुए चेयरमैन पद के चुनावों को लेकर गंभीर आरोपों के साथ सिविल न्यायालय,, करनाल में चुनौती दी गई है। याचिका को स्वीकार करते हुए संबंधित पक्षों से 22 मई को पक्ष रखने के आदेश दिए हैं। साथ ही चुने हुये चेयरमैन को अपना पक्ष न्यायालय,के सामने रखने को कहा गया है,जानकारी चुनाव याचिका दायर करने वाले पक्ष की पैरवी करने वाले अधिवक्ता एडवोकेट राजकुमार शर्मा ने दी। उन्होने बताया कि नगर पालिका नीलोखेड़ी के चेयरमैन पद के चुनाव को लेकर 2 मार्च 2025 को मतदान हुआ था और 12 मार्च को हुई मतगणना में भाजपा की चेयरमैन पद की उम्मीदवार सनमीत कौर आहुजा को विजयी घोषित किया गया था। उपरोक्त मामला सिविल न्यायालय, करनाल में चुनाव को रद्द करने की गुहार लगाई गई है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि अपने पक्ष में मत डलवाने के लिये भाजपा की ओर से चुनाव लड़ रही प्रत्याशी सनमीत कौर ने सरकारी मशीनरी का भारी दुरूपयोग किया है, मतदाताओं में वोट लेने के लिये पैंसो का आंवटन किया गया है। , माननीय नयायालय में दायर की गई याचिका में याचिकाकर्ता प्रेम मुंजाल ने यह भी आरोप लगाया है कि सता पक्ष द्वारा मेरी पत्नी का नामांकन गलत तरीके से रद किया गया है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में यह आरोप लगाया है कि दिनांक 1 मार्च 2025 की रात को जब प्रचांर बंद था तो वार्ड न. 7 व 8 में विधायक भगवानदास कबींरपंथी ने लोगों को जमकर पैसे बांटे। याचिकाकर्ता व उसके साथियों को डराने धमकाने के लिये सता का दुरूपयोग करके थाना बुटाना में झूठी प्राथमिकी भी दर्ज करवाई है जिसकी जांच चल रही है। न्यायालय ने 22 मई की तारीख चेयरमैन व अन्य को अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिये दी है।



### भाषा के बल पर बढ़ाया जा सकता है जनसंपर्क: डॉ. प्रीतम

**रोहतक।ुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बीआर अंबेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ प्रीतम ने कहा कि आत्मविश्वास, अच्छी भाषा व मनोवैज्ञानिक अनुभव के आधार पर जनसंपर्क को लाखों लोगों तक बढ़ाया जा सकता है। जनसंपर्क समाज में एक ऐसा माध्यम है जिसमें व्यक्ति का अनुभव भी शामिल होता है। अनुभव एवं आत्मविश्वास के आधार पर भाषा जनसंपर्क का एक ऐसा ब्रिज है जिसके माध्यम से व्यक्ति अपनी बात को रखने तथा अपनी बात को मनवाने का मादा रखता है। सोशल मीडिया के इस दौर में भाषा का ज्ञान होना बहुत ज्यादा जरूरी है उसी के आधार पर जनसंपर्क निर्णायक भूमिका निभा सकता है। जनसंचार एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि लोक सांस्कृतिक दृष्टि से लोक जीवन में जनसंपर्क के अनेक माध्यम रहे हैं। देश की अखंडता के लिए जनसंपर्क का सशक्त होना बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में जनसंपर्क के माध्यम विविध आयाम व स्वरूप धारण कर चुके हैं ऐसे में जनसंपर्क के विषय में लोक सांस्कृतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान के माध्यम से लाखों लोगों तक जनसंपर्क साधा जा सकता है।

### एक घंटे के भीतर तीन महिलाओं के गले से झपटी सोने की चेन

**यमुनानगर।** स्नेचरों ने शहर में एक घंटे के भीतर तीन महिलाओं के गले से सोने की चने झपट ली। जानकारी के अनुसार शहर की हरदेव नगर निवासी राजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी सरिता चौहान सुबह करीब सात बजे घर से मंदिर जाने के लिए निकली थी। जब वह घर के बाहर से फूल तोड़ने लगी तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। एक युवक बाइक स्टार्ट करके खड़ा रहा। जबकि दूसरा युवक उसकी पत्नी के पास आया और उसके गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गया। उधर, सेक्टर-17 निवासी रामलाल ने बताया कि उसकी पत्नी सुबह साढ़े सात बजे किसी काम से जा रही थी। जब वह वाटर वर्कस एरिया में पहुंची तो बाइक सवार युवकों ने उसकी पत्नी के गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। वहीं, सेक्टर-17 निवासी भागवंती ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे गुरूद्वारा में जा रही थी। रास्तें बाइक सवार युवकों ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**कार्यक्रम** नदी में डूबते आदमी ने पुल पर चलते आदमी को आवाज़ लगाई ने लूटी खूब वाहवाही

## त्रिभाषी कवि सम्मेलन में कवियों ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला






अंबाला। पुलिस ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में मंचासीन कवि व मौजूद श्रोता।

देर रात तक चले ऑल इंडिया त्रिभाषी कवि सम्मेलन व मुशायरा में कवियों की खूब वाहवाही हुई। पुलिस ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ट्विन सिटी के श्रोताओं ने आनंद दिया। कार्यक्रम का आयोजन नंद लाल शर्मा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया था। इसमें देश के नामवर कवियों ने अपनी शानदार रचनाएँ सुना कर दर्शकों की खूब वाह वाही लूटी। इस कवि सम्मेलन व मुशायरे में अंबाला शहर की मेयर शैलजा सचदेवा व डॉक्टर संजीव जुनेजा मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रही। फुरकान खान कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप शिखा प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के सह संयोजक प्रोफेसर सतीश चन्द्र पराशर व रंगकर्मी जसदीप बेदी ने मुख्य अतिथियों का स्वागत स्वागत करने के साथ ही सभी कवियों को मंच पर आमंत्रित किया।

हास्य कवि एवं पद्मश्री पंडित सुरेंद्र शर्मा ने नदी में डूबते आदमी ने पुल पर चलते आदमी को आवाज़ लगाई – 'बचाओ!' पुल पर चलते आदमी ने रस्सी नीचे गिराई और कहा– 'आओ। दिल्ली से आए इक़बाल अशर ने अज़ीम लोग थे टूटे तो इक वकार के साथ, किसी से कुछ न कहा बस उदास रहने लगे। जौहर कानपुरी ने ख़ुशी कहते हैं किसको, ए मिरे हमदम समझ लेते अगर तुम दूसरों के ग़म को अपना ग़म समझ लेते। कानपुर से आई शबीना अदीब ने खमोश लब हैं, झुकी हैं पलकें, दिलों में उल्फ़त नई नई है, अभी तकल्लुफ़ है गुफ्तगू में, अभी मुहब्बत नई नई है। फगवाड़ा से आए पंजाबी सुरजीत जज ने अन हंडया शौक कोई, अन उड़ी परवाज़ हां, मैं हवा विच खिलरी होई अनसुनी आवाज़ हां पर खूब वाहवाही लूटी। इसी तरह ग्वालियर से आए मनु वैशाली ने अलंकार सब रीझे जिस पर, उपमायें सब हारी, देख जिसे जयदेव मगन हों, बेबस तकें बिहारी। बिलाल सहारनपुरी ने हमारे मुल्क की मिट्टी कुशादा ज़र्फ़ है वरना,सभी को जज़्ब कर लेना कहां आसान रक्खा है। पटियाला से आए परविंदर शौक ने ख़ुद कहा पहले चिराग़ों को जलाओ शौक़ से, ख़ुद ही लोगों के घरों में अंधियां छोड़ी गई। लखनऊ से आई कविता तिवारी ने मानवता द्रोही की हरगिज़ दाल न गलने पाए, करो प्रतिज्ञा संस्कार का सूर्य न ढलने पाए।

गुरचरण जोगी ने संजीदा लोक जद वी बोलदे ने, ओह गहरे राज़ ही तां खोलदे ने। जिरकपुर के हमज़ा बिलाल ने न रावण है कहानी में, न सीता जिंदगानी में, मगर बनवास फिर भी चल रहा है, क्या किया जाए? रचना पढकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविंदर रवि ने छल-फ़रेब से, लालच और मक्कारी से, ऊब गया हूँ अब इस दुनियादारी से व नदीम फ़र्रुख़ नेमेरी क़िस्मत के ये दुनिया मुझे पहचानती है, लोग मर जाते हैं पहचान बनाने के लिए अपनी रचना पढ़ी। यह मुशायरा संवेदनाओं, संस्कृति और भाषायी एकता का सजीव उदाहरण बन गया। हिंदी, उर्दू और पंजाबी– की सुगंध से महकती इस शाम ने एक नई ऊर्जा का संचार किया।

## खबर संक्षेप

### बेहतरीन क्वालिटी के धान का उत्पादन करें

**तरावड़ी।** नई अनाज मंडी अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने किसानों से आह्वान किया है कि वह इस बार धान की रोपाई करते समय बेहतरीन क्वालिटी के धान का उत्पादन करें ताकि किसानों को धान का बढ़िया मूल्य मिल सके। उन्होंने बताया कि कुछ किसान निम्न स्तर के धान के बीज की बुआई कर लेते है और उसके बाद किसानों को बेचने में दिक्कत आती है। उन्होंने बताया कि धान को सरकार के साथ-साथ राइस मिलर्स भी खरीदते हैं लेकिन धान घटिया स्तर का होगा तो राइस मिलर्स उसे खरीद नहीं पाते। यदि खरीदते है तो किसान को धान की फसल का कम मूल्य मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि धान की पांच हाइब्रिड इसमें ऐसी है जिसमें उत्पादन के समय धान का दाना कई टुकड़े हो जाता है। जिसे राइस मिलर्स नहीं खरीद पाता। उन्होंने बताया कि इनमें सावा-7301, सावा-7501, सवा-27, वीनएन-2222, कावेरी-468 किस्मों के धान के उत्पादन से किसान बचें। उन्होंने कहा कि इन किस्मों की फसल जब मंडियों में आती है तो उससे किसान को 250 से 300 रुपए प्रति क्विंटल नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### लोटे में नमक डालकर नशा नहीं करने की ली शपथ

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा को नशें के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से हरियाणा एनसीबी की अगुवाई मे चलाई जा रही साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा अम्बाला के खेल स्टेडियम से भोर की किरणों के साथ उत्साहपूर्ण और रोमांचक कर देने वाले माहोल व रंगारंग कार्यक्रम के बाद शुरू हुई। यात्रा को कुरुक्षेत्र शहर के लिए रवाना किया। जहां पहुंचने पर पंजाबी धर्मशाला में यात्रा का ठहराव हुआ। यात्रा के बीच रास्ते में ग्रामीण, युवा व हर वर्ग का उत्साह देखने लायक रहा और इनके द्वारा सांकेतिक रूप से एक चुटकी नमक डालकर और नशे से दूर रहने की शपथ ली गई। फूल मालाओं, पुष्प वर्षा से पूरी यात्रा का स्वागत किया गया।

---

विधानसभा अध्यक्ष ने विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक

# भ्रष्टाचार जैसा ही बड़ा अपराध है विकास कार्यों को रोकना : हरविन्द्र कल्याण

कार्यों में तेजी लाने के दिए सख्त निर्देश, कहा अधिकारी समस्याओं का समाधान निकालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि भ्रष्टाचार तो अपराध है ही उससे बड़ा अपराध विकास कार्यों को रोके रखना है। ऐसे में अधिकारी विकास कार्यों की गंभीरता को समझें और विकास कार्यों में कोताही न बरतें। अधिकारी समस्या का समाधान बताएं। जनता के बीच में जवाबदेही हमारी है और प्रशासनिक अधिकारी निडर होकर काम करें क्योंकि वे सरकार का चेहरा हैं और जनता को सरकार से बहुत सी उम्मीदें हैं जिन पर उन्हें खरा उतरना है।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण सोमवार को जिला सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में डीसी उत्तम सिंह व अन्य आला अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व सीएम की घोषणाओं को लेकर आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे थे। कल्याण ने अधिकारियों से सख्ती भरे लहजे से कहा कि समय पर विकास कार्य शुरू न करने वाले व अधूरा काम छोडऩे वाले ठेकेदारों पर तुरंत कार्रवाई करें। यदि ऐसा नहीं किया गया तो यह माना जाएगा कि अधिकारियों की ठेकेदार के साथ मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि सरकारी पैसे से कोई खुला खेल खेलता रहे यह कतई मंजूर नहीं। अफसोस है कि शिलान्यास के चार-चार महीने बाद भी विकास कार्य शुरू नहीं हो पाते। सडक़ों पर रोड़े डालकर कार्य को अधूरा छोड़ रखा है। जनप्रतिनिधि होने के कारण लोग उनसे सवाल पूछते हैं कि कार्य पूरे क्यों नही हो रहे? ऐसे में जवाब देना हमारे लिए मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें ताकि कार्यों में पारदर्शिता नजर आए। उन्होंने कहा कि बरसाती सीजन शुरू होने से पहले सभी सडक़ों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करवाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसको लेकर उच्च अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी सडक़ टूटी हुई नजर नहीं आनी चाहिए। ऐसे में जिला स्तर पर अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित सडक़ों को चौड़ा करने व गड्ढे भरने के कार्य को तुरंत करवाएं। श्री कल्याण ने हलके में मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत होने वाले कार्यों में अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए। डीसी ने पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि वर्क आर्डर जारी करने के बाद भी जो कार्य ठेकेदारों ने शुरू नहीं किए उनकी सूची उन्हें उपलब्ध करवाएँ। ऐसे ठेकेदारों पर जुर्माना लगाया जाए अथवा ठेका रद्द किया जाए। बैठक में मेयर रेणु बाला गुप्ता भी विशेष रूप से मौजूद रहीं तथा इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डा. वैशाली शर्मा, एडीसी उपायुक्त यश जालुका, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, असंध के एसडीएम राहुल, सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार, घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी, इंद्री के अशोक कुमार, नीलोखेड़ी के एसडीएम अशोक कुमार, सीटीएम मोनिका, डीडीपीओ संजय टांक, एसई पंचायती राज वीरेंद्र चौहान, एक्सईएन प्रदीप धीमान, परमिंद्र सिंह, प्रदीप कल्याण, वीरेंद्र सिंह, डीईओ सुदेश ठुकराल, पीओ डब्ल्यूसीडी सीमा प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजदू रहे।

#### पानी जमा होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी न उठानी पड़े

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि बरसात का सीजन शुरू होने से पहले तालाबों से जुड़े कार्यों (खुदाई, सफाई आदि)को समय रहते पूरा करवायें ताकि ग्रामीणों को बारिश के दिनों में पानी जमा होने के कारण परेशानी न उठानी पड़े। बैठक में श्री कल्याण ने सीएम घोषणाओं के तहत घरौंडा हलके में अभी तक लंबित अथवा चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधूरे विकास कार्यों की जानकारी लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आ रही अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीएम घोषणा के तहत जो कार्य संभव अथवा असंभव हैं (फीजिबल-नॉन फीजिबल) उन्हें श्रेणी अनुसार अलग-अलग बांटा जाये तथा जमीन के मुद्दे से जुड़े कामों की अलग श्रेणी बनाई जाये। कम्युनिटी सेंटर, अस्पताल, स्कूल आदि मामलों में कहां क्या अड़चन हैं उसका स्पष्ट उल्लेख किया जाए ताकि उसका समाधान निकाला जा सके। उन्होंने मदनपुर गांव में स्कूल को दी जाने वाली जगह पर पार्क विकसित किए जाने के प्रस्ताव को लेकर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे यह जगह स्कूल को ही दिए जाने बारे हरियाणा शहरी एवं स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक से बात करें।

---

# ग्रीन बेल्ट एरिया को स्वच्छ और सुंदर बनाएं: मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



रविवार को ग्रीन बेल्ट एरिया का निरीक्षण करने के बाद मेयर रेणु बाला गुप्ता ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों की मीटिंग बुलाई। इस बैठक में संबंधित एचएसवीपी के ईओ एवं नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर, क्षेत्रों के पार्षद और स्मार्ट सिटी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

मेयर ने अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि ग्रीन बेल्ट एरिया को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। सुरक्षा के लिहाज से भी अधिकारियों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए। ग्रीन बेल्ट एरिया के पार्क गंदगी से अटे हुए हैं। पार्कों में शौचालय बेहद खराब हैं। टयूबवैल खराब होने के चलते जलापूर्ति नहीं होने से पौधे सूख रहे हैं। वाहनों के पार्क में प्रवेश के चलते लाखों रुपए की कीमत से बने ट्रैक बार-बार टूट जाते हैं। इस मामले में जनता की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। पार्कों में बंद पड़े शौचालयों को सुचारू रूप से व्यवस्थित किया जाए। बैठक में आईटीआई चौक, निर्मल कुटिया चौक से नूर महल चौक, साईं मंदिर सेक्टर छह चौक से देवीलाल चौक तक हुए अतिक्रमण चिंता व्यक्त की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि यहां से अतिक्रमण हटाया जाए। अतिक्रमण होने के चलते कई हादसे हो चुके हैं। बैठक में भाजपा के पूर्व जिला प्रधान बृज गुप्ता, पार्षद संकल्प भंडारी, पार्षद भूपेंद्र नौतना व मुकेश अरोड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### एचएसवीपी और नगर निगम चलाएगा संयुक्त अभियान

में तय किया गया कि ग्रीन बेल्ट एरिया को संवारने तथा अतिक्रमण हटाने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम की ओर से संयुक्त अभियान चलाया जाए। दोनों विभागों के अधिकारियों की टीमें इस अभियान में शामिल रहेंगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। एचएसवीपी के ईओ एवं नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर देवेंद्र शर्मा अन्य अधिकारियों के साथ 23 अप्रैल को ग्रीन बेल्ट एरिया का निरीक्षण करेंगे। संबंधित एरिया के पार्षद भी अधिकारियों के साथ मौके पर रहेंगे। अतिक्रमण वाले क्षेत्रों का भी दौरा किया जाएगा। टेंडर लेकर कार्य करने वाले ठेकेदारों को भी मौके पर बुलाया जाएगा।

#### ट्रिपल इंजन की सरकार में होगा चहुमुंखी विकास

मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और करनाल विधायक जगमोहन आनंद के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में करनाल का चहुंमुखी विकास करवाया जाएगा। जनता ने जिस उम्मीद के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई है उस पर खरा उतरा जाएगा। जनता की समस्याओं को हल करने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं।

---



### विधायक जगमोहन आनंद ने कैंप कार्यालय पर सुनी लोगों की समस्याएं, मौके पर किया समाधान

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार को सेक्टर-13 स्थित कैंप कार्यालय पर आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने कैंप कार्यालय पर मौजूद आमजन की समस्याओं को एक-एक करके सुना व मौके पर ही समस्याओं का समाधान करवाया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनता के लिए काम करना उनकी पहली प्राथमिकता है। जनता की समस्याओं को सुनना व उनका समाधान करना उनका पहला दायित्व है। उन्होंने कहा कि आमजन हर दिन अपने अलग-अलग कामों के लिए कैंप आवास पर आते हैं। जनता की जितनी सेवा हो सकती है, उतनी सेवा करने का प्रयास करता हूं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि जो भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनके पास आए, वह लिखित शिकायत लेकर आए। उस शिकायत पर साफ-साफ संबंधित व्यक्ति का पता और उसका मोबाइल नंबर अवश्य हो, ताकि आसानी से संपर्क किया जा सके।

---

# राजकीय महिला महाविद्यालय में पोषण पखवाड़ा मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

■ 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी शुरुआत

राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में प्राचार्या श्रीमती कमलेश रानी के कुशल दिशा-निर्देशन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती अनुराधा के नेतृत्व में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सिविल हॉस्पिटल, घरौंडा से मनोवैज्ञानि परामर्शदात्री श्रीमती ममतेश कंबोज ने मुख्य रूप से शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्या कमलेश रानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए पोषण के महत्व पर बल दिया और सभी को स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे पोषण पखवाड़ा जैसी जागरूकता अभियानों से जुड़कर समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएं। मुख्य वक्ता श्रीमती ममतेश कंबोज ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में पोषण पखवाड़ा की प्रस्तावना, उद्देश्य एवं थीम 'सही पोषण, देश रोशन' पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं में पोषण संबंधी कमी को दूर करना है। अपने व्याख्यान के दौरान उन्होंने संतुलित आहार के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि उचित खान-पान द्वारा शरीर में होने वाली पोषक तत्वों की कमी और कई रोगों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से एनीमिया रोग के कारण, लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दी।

---



### किसानों को दी जैविक खाद का प्रयोग करने के बारे मे जानकारी

**इंद्री।** खंड कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कार्यालय में खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में कृषि अधिकारियों एवं किसान वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में फसल अवशेष प्रबंधन व फसल के अवशेष न जलाने,धान की पनीरी की बिजाई 15 मई से पहले व धान की रोपाई 15 जून से पहले न करने पर चर्चा की गई। बैठक में कृषि अधिकारियों एवं किसान वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने खेत में हरी खाद का प्रयोग करने के लिए अधिक से अधिक खेती भूमि में ढैंचा व मूंग की बिजाई करने के बारे मे जानकारी दी। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे जानकारी देते हुए डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि यदि किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार खेत में जैविक खाद का प्रयोग करें तो हमारी कृषि में लागत कम तथा भूमि में सुधार होने से पैदावार भी अधिक होगी।

---

# विधायक कश्यप ने डिजिटल लाइब्रेरी का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने नगर पालिका इंद्री के अंतर्गत मुख्यमंत्री घोषणा के तहत 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाली डिजिटल लाइब्रेरी का शिलान्यास कर क्षेत्र के युवाओं को बड़ी सौगात दी।। यह डिजिटल लाइब्रेरी अगले छह माह में बनकर तैयार हो जाएगी। विधायक ने कहा कि इंद्री में लाइब्रेरी बनाने की युवाओं की लंबे समय से मांग थी। युवाओं की इस मांग को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका इंद्री में डिजिटल लाइब्रेरी का शिलान्यास किया गया है। यह डिजिटल लाइब्रेरी हर प्रकार की आधुनिक सुविधाओं और प्रतियोगी पुस्तकों से सुसज्जित होगी। इसमें युवक-युवतियां अपने करियर से संबंधित और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आसानी से कर सकेंगे। यहां युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार के बच्चे अक्सर महंगी प्रतियोगी पुस्तकें खरीदने में सक्षम नहीं होते, लेकिन इस लाइब्रेरी के बनने से उन्हें यह पुस्तकें आसानी से पढ़ने को मिलेंगी। कई बार युवाओं के पास पुस्तकें तो होती हैं, लेकिन उन्हें पढ़ने के लिए उचित स्थान नहीं मिल पाता। इस डिजिटल लाइब्रेरी के तैयार होने से युवाओं को तैयारी करने के लिए एक उपयुक्त जगह उपलब्ध हो सकेगी।

---

# राजयोगिनी दादी रत्नमोहिनी को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सेवा केंद्र में राजयोगिनी दादी रत्नमोहिनी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा केंद्र की संचालिका प्रेम दीदी ने कहा कि दादी रत्नमोहिनी जी ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशासक थी। वह ईश्वरीय विश्वविद्यालय की यूथ विंग की चेयरपर्सन भी रहीं।

वे एक्टिव, अलर्ट, एक्युरेट व एनरजैटिक थी। दयालुता और प्रेम व वात्सल्य की मूर्त थी। उनके पास जो भी जाता उसको प्रेम में समाकर परमात्मा शिव के साथ उनकी बुद्धि की डोर को जोड़ देती थी। प्रजापिता ब्रह्मा की आज्ञाकारी, वफादार, फरमानदार व प्रिय संतान थी। उन्होंने ईश्वरीय विवि की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में अतुलनीय सहयोग दिया। आपकी दिव्य तीक्ष्ण बुद्धि को परख कर ब्रह्मा बाबा ने आपको 1956 में जापान में सेवार्थ भेजा, जहां आपने अपनी प्रतिभाशाली बुद्धि से सबको अचंभित कर दिया। फिर तो आप अनवरत देश विदेश की सेवाएं करती ही रहीं। आप दर्शनीय मूर्त शांत मूर्त थी। आप बिना रूके घंटों घंटों तक ज्ञान की बातें सुनाकर आत्माओं को मंत्रमुग्ध कर देती थी।

---

# प्रवेश-उत्सव अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ व्यवसायिक शिक्षा के तौर पर ऑटोमोबाइल और एग्रीकल्चर दो

शिक्षा विभाग के तत्वाधान में सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की नामांकन संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से 'प्रवेश-उत्सव' अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय - शेखपुरा-सोहाना के सरकारी स्कूल में यह नामांकन प्रतिदिन नित नए आयाम रचता जा रहा है। डीईओ सुदेश ठुकराल के दिशा-निर्देश में विद्यालय के अध्यापक डोर-टू-डोर गांव में जाकर विद्यालय में दाखिला करवाने का आह्वान कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप प्रतिदिन नामांकन संख्या बढ़ रही है। विद्यालय की प्रधानाचार्य निधि चौधरी ने बताया कि विद्यालय में कक्षा बारहवीं तक आर्ट्स, कॉमर्स तथा विज्ञान संकाय की पढ़ाई सुचारू रूप से चल रही है तथा सभी विषयों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध है। व्यवसायिक शिक्षा के तौर पर ऑटोमोबाइल और एग्रीकल्चर दो विषय पढाये जा रहे हैं ताकि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ हाथ का हुनर भी सीख सकें। गत वर्ष नौवीं कक्षा में नामांकन संख्या 185 थी, जबकि अब तक यह 230 तक पहुंच चुकी है।

---

परिचालकों व लिपिकों का वेतनमान अपग्रेड करके 35400 करने की मांग

# बस स्टैंड पर 21 कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे

डिपो प्रधान सुरेश कुमार संगोही ने कहा कि वर्ष 1999 मे हरियाणा की जनसंख्या एक करोड़ थी। उस समय हरियाणा रोडवेज विभाग में 23000 कर्मचारी थे। 3840 सरकारी बसें थी। अब हरियाणा प्रदेश की जनसंख्या लगभग तीन करोड़ है और मात्र 2400 के लगभग सरकारी बसें शेष बची है।

कर्मचारियों की लंबित मांगो को लेकर रखी गई है हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले करनाल बस स्टैंड पर 21 कर्मचारी सोमवार को भूख हड़ताल पर बैठ गए।

करनाल डिपो प्रधान सुरेश कुमार संगोही की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर 12 बजे तक यह हड़ताल जारी रहेगी। भूख हड़ताल पर बैठने वाले कर्मचारियों में माया राम, सुशील कुमार, सुशील मेहरा, कृपाल सिंह, कर्ण सिंह, साहब सिंह, जयबीर, सुरेश कुमार संगोही, राजेश कुमार, सुमेर चंद, प्रदीप, विनोद कुमार, राजबीर, कर्मबीर, बलजीत, मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, शीशपाल, हरीश कुमार व काला राणा शामिल हैं। दरअसल यह हड़ताल रोडवेज कर्मचारियों की लंबित मांगो को लेकर रखी गई है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि हरियाणा सरकार में परिवहन मंत्री व विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ मांगों को लेकर कई बार वार्ताएं हो चुकी हैं। सरकार द्वारा जिन मांगों पर सहमति जताई गई वह भी आज तक लागू नहीं की गई। हरियाणा सरकार स्वतंत्र आठवें वेतन आयोग का गठन करें। परिचालकों व लिपिकों का वेतनमान अपग्रेड करके 35400 किया जाए। चालक मैकेनिक स्टोर की पर कैशियर सहित सभी सभी श्रेणियां की वेतन विसंगति दूर की जाए। हैवी चालक का वेतनमान 53 हजार रुपए किया जाए। 2016 वाले चालकों को पक्का किया जाए।

#### रोडवेज के बेड़े में 10 हजार नई बसें शामिल करें

डिपो प्रधान सुरेश कुमार संगोही ने कहा कि वर्ष 1999 मे हरियाणा की जनसंख्या एक करोड़ थी। उस समय हरियाणा रोडवेज विभाग में 23000 कर्मचारी थे। 3840 सरकारी बसें थी। अब हरियाणा प्रदेश की जनसंख्या लगभग तीन करोड़ है और मात्र 2400 के लगभग सरकारी बसें शेष बची है और विभाग में कर्मचारियों की संख्या 14000 के लगभग रह गई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्राइवेट इलेक्ट्रिक बसें ठेके पर चलाने के निर्णय रद्द करने सहित सभी प्रकार की प्राइवेट बसों को बंद कर रोडवेज के बेड़े में 10 हजार सरकारी नई बसें शामिल करें। इससे 60 हजार बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और जनता को बेहतर परिवहन सेवा प्रदान होगी।

---

# राजीव सुनेजा ने ओ मेरी ओ मेरी शर्मिली सुनाकर किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सुर सागर कला मंच करनाल द्वारा अग्रसेन भवन सेक्टर आठ में भव्य संगीत संध्या 'गीत गुंजन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब नेशनल बैंक के डी.जी.एम. जगजीत सिंह तथा मॉडर्न डेयरी लिमिटेड के सी.जी.एम. पी.के. जैन ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इसके बाद कलाकारों ने एक से बढक़र एक मेलीडियस गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

हर प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन अंजू शर्मा ने प्रभावशाली और रोचक एंकरिंग के साथ किया, जिन्होंने अपने अंदाज़ से पूरे कार्यक्रम को बांधे रखा। 'गीत गुंजन' संध्या सुरों, भावनाओं और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का एक अद्भुत संगम रही, जिसने श्रोताओं को देर तक भावविभोर किए रखा। रविन्द्र ढल ने दो दिल मिल रहे हैं, राजीव सुनेजा ने ओ मेरी ओ मेरी शर्मिली, जितेंद्र गर्ग ने बीते हुए लम्हों की कसक, अश्विनी सहगल ने डम डम डिगा डिगा, डा. संकेत ने तुमसा कोई प्यारा कोई मासूम, गुरमीत ने जो मेरी रूह को चैन दे, प्रदीप भारती ने तेरी उम्मीद तेरा इंतजार करते हैं गीत गाए।

## खबर संक्षेप

### आर्मी ज्वाइन के टिप्स दिए

**पानीपत।** सेना भर्ती कार्यालय, रोहतक की ओर से सोमवार को जिला के गांव नोहरा में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस की ओर से आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सेना के प्रति आकर्षित करना और युवाओं को आर्मी को ज्वाइन क्यों करना चाहिए। आर्मी को ज्वाइन कैसे करना चाहिए, इन चीजों पर फोकस किया गया। वहीं, आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आर्मी भर्ती कार्यालय की ओर से युवाओ को अग्निवीर योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### शिक्षिका पिंकी सम्मानित

**पानीपत।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत एफएलएन एवं साइंस के अंतर्गत गत वर्ष संपर्क डिवाइस व संपर्क स्मार्टशाला ऐप पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला गांव फरीदपुर की जेबीटी शिक्षिका पिंकी श्योराण को शिक्षा विभाग की ओर से सम्मानित किया गया।

### कचरे से सजावटी सामान बनाया

**पानीपत।** नारी कल्याण समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का बाल भवन सिलाई सेंटर में शुभारंभ हुआ। जिसमें देहली कॉलेज ऑफ आर्ट, फैवीक्रिल पीडीलाइट इंडिया की सीनियर फेक्लटी की कलाकार शिव वानी ने बाल भवन में प्रशिक्षण ले रहीं लड़कियों को अपशिष्ट पदार्थों अथवा कचरे से घर को सजाने के तरीके बताए। इस अवसर पर ज्योत्सना गर्ग, नारी कल्याण समिति की प्रधान कंचन सागर, जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु आदि उपस्थित रहे।

### पानीपत के डाहर बाइपास पर कार पलट गई

**पानीपत।** पानीपत के डाहर बाइपास पर कार पलट गई। इस कार में पानीपत के बीजेपी जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट एवं वार्ड 26 की पार्षद कुसुम भट्ट के पुत्र मयंक भट्ट व इसका दोस्त गोविंद गोयल सवार था। हादसे में दोनों बाल बाल बच गए। हालांकि गोविंद की कमर में झटका लगा है। राहगिरों ने दोनों के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। मयंक व गाविंद कार में सवार होकर गांव करहंस स्थित गीता कॉलेज जा रहे थे। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी।

### दो व्यापारियों को पीट कर घायल किया

**पानीपत।** थर्माकोल के व्यापारी विक्रम निवासी मोहर सिंह चौक व सुमित निवासी हुडा सेक्टर 11-12 को मारपीट कर घायल कर दिया गया। दोनों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने विक्रम की शिकायत पर थर्माकोल के व्यापारी बलराम, इसके दोनों पुत्रों व इनके अज्ञात साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में घायल की पीजीआई रोहतक में मौत

**पानीपत।** पानीपत शहर की एकता विहार कॉलोनी के बाहर सड़क पर एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक ने त्रिवेणी निवासी पश्चिम बंगाल हाल निवासी एकता विहार कालोनी को टक्कर मार दी। हादसे में त्रिवेणी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं त्रिवेणी की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर, चांदनीबाग थाना पुलिस ने प्रकाश दुबे की शिकायत पर ई रिक्शा चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डीडीईओ डा.सुनीता को विदाई दी

**इसराना।** शिक्षा विभाग में बीईओ से प्रमोट हो कर डिप्टी डीईओ बनने वाली इसराना खंड की शिक्षा अधिकारी डॉ.सुनीता कादियान को विद्यार्थियों ने ने तिलक लगा कर ओर अन्य शिक्षकों ने फूलों के गुलदस्ते देकर विदाई दी। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल इसराना में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ.अशोक सेन, रोहताश सिंह, बीना खन्ना, संजय शास्त्री, राजेश डबास, राजेश मोर, बीआरपी सुशील वत्स, सोनू, रोहित, जोगेंद्र व राज जागलान शामिल हुए।

---

### गर्मी के कारण शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखना महत्वपूर्ण

# बदलते मौसम के दुष्प्रभाव से बढ़ रहा है रोगों का प्रकोप

**श्वास की परेशानी, खांसी, जुकाम, नजला, शरीर में थकावट, बैचेनी सर्द गर्म आदि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा**



डॉ. केदार बतरा

- खीरा, तरबूज, अंगूर, संतरा, भिंडी व हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बदलते मौसम में बहुत से लोगों को कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें श्वास की परेशानी, खांसी, जुकाम, नजला, शरीर में थकावट, बैचेनी सर्द गर्म आदि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण कुछ आवश्यक बातें ध्यान रखने योग्य हैं। यह सलाह होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉक्टर केदार बतरा ने देते हुए बताया कि अप्रैल से मई के महीने में आहार और सावधानियों में मौसम के अनुसार बदलाव करने की आवश्यकता होती है। इस दौरान ताजे फल और सब्जियां उपलब्ध होती हैं। जिनमें खीरा, तरबूज, अंगूर, संतरा, भिंडी व हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल हैं। गर्मी के कारण शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखना महत्वपूर्ण है।

#### गर्मी में ये ले आहार

ताजे फल और सब्जियां, खीरा, तरबूज, अंगूर, संतरा, भिंडी, हरी पत्तेदार सब्जियां और आम जैसे फल व सब्जियां शामिल करें। हाइड्रेटेड करने के लिए खूब पानी, छाछ और फलों का जूस पीये। दूध और दही प्रोटीन व कैल्शियम का अच्छा स्त्रोत, साबुत अनाज चपाती, चावल व अन्य साबुत अनाज, प्रोटीन में दालें, पनीर, अंडा, कम वसा वाले खाद्य पदार्थ गर्मी के दौरान, भारी और वसा वाले खाद्य पदार्थों से बचें।

#### गर्मी ये रखें सावधानियां

गर्मी में बचाव, धूप से बचें, हल्के कपड़े पहनें व अपने शरीर को ठंडा रखें, पर्याप्त पानी पिएं ,खाद्य सुरक्षा ताजा भोजन खाएं और खाना पकाने के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखें,धूप से बचाव धूप के चश्मे और सनस्क्रीन का उपयोग करें। सब्जियों को धोकर खाएं ताकि वे दूषित न हों।

इसका मकसद सिर्फ जानकारी देना है। स्वास्थ्य से जुड़ी सलाह या जांच के लिए, किसी पेशेवर डाक्टर की सलाह अवश्य लेवें।

---

*एक समस्या दौबारा नहीं आनी चाहिए*

# सुशासन का प्रतीक बन गया जनता समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** जन सुनवाई करते हुए एसडीएम ब्रह्म प्रकाश। फोटो :हरिभूमि

जिला सचिवालय द्वितीय तल स्थित सभागार में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए एसडीएम ब्रहमप्रकाश ने कहा कि समस्याओं का समाधान मौके पर होने से लोगों में शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा होता है। इसी विश्वास को हमें कायम रखना है व समाधान शिविर में आने वाली हर समस्या का कम से कम समय में समाधान करना है। उन्होंने समाधान शिविर में जनता द्वारा दी गई समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनकी विभाग से सम्बंधित समस्या का जल्द से जल्द निदान करें क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं इन शिविरों पर निगरानी बरत रहे हैं व हर शुक्रवार को किसी ना किसी विभाग के एसीएस द्वारा समीक्षा भी की जाती है।

समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए थाना अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके पास एक समस्या दौबारा नहीं आनी चाहिए। जनता समाधान शिविरसुशासन का प्रतीक बन गया।

## भाई की मौत पर जश्न मनाया, जलती चिता के पास बैठक कर शराब पी

**पानीपत।** पानीपत के गांव बिंझौल में संपत्ति के बंटवारे के विवाद में अपने भाइयों बलवान, वीरेंद्र व राजेंद्र से दुखी होकर सुरेंद्र ने दो अप्रैल को ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली थी। सुरेंद्र की पत्नी कविता की शिकायत पर जीआरपी पानीपत थाना पुलिस ने बलवान, वीरेंद्र व राजेंद्र के खिलाफ सुरेंद्र को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है। वहीं कविता का आरोप है कि सुरेंद्र के अंतिम संस्कार के दौरान जब सुरेंद्र चिता चल रही थी, तक बलवान, वीरेंद्र व राजेंद्र ने शमशान भूमि में शराब पी और अपने भाई सुरेंद्र की मौत का जश्न बनाया। जीआरपी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय पाल ने बताया कि कविता शिकायत पर बलवान, वीरेंद्र राजेंद्र पर सुरेंद्र को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

---

# संयुक्त राष्ट्र में एशिया के युवाओं की आवाज बने पानीपत के परमजीत

- जागलान ने यूएन की आर्थिक व सामाजिक परिषद के अध्यक्ष बॉब के आमंत्रण पर संबोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। संयुक्त राष्ट्र में संबोधन करते हुए परमजीत जगलान। **फोटो :हरिभूमि**

संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक व सामाजिक परिषद में एशिया महाद्वीप एवं प्रशांत क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत के युवा प्रतिनिधि परमजीत जगलान निवासी गांव इसराना जिला पानीपत ने संयुक्त राष्ट्र यूथ फोरम में अपने संबोधन में कहा कि एग्रीफूड सिस्टम को व्यवहारिक और न्यायसंगत बनाने के लिए यह अनिवार्य है कि विद्यार्थियों को केवल अध्ययन तक सीमित न रखते हुए, उन्हें नीतिगत प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार के रूप में शामिल किया जाए। जागलान का यह वक्तव्य न केवल विद्यार्थियों की भूमिका को अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माण में स्थापित करने का प्रयास था, बल्कि वैश्विक मंच पर युवाओं के ज्ञान-आधारित नेतृत्व की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। जागलान, संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक व सामाजिक परिषद के अध्यक्ष बॉब रे के आमंत्रण पर एशिया महाद्वीप एवं प्रशांत क्षेत्र का प्रतिनिधित्व के रूप में विद्यार्थियों का पक्ष रखने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में पहुंचे थे। इस दौरान जागलान ने संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन लायज़न ऑफिस न्यूयॉर्क की निदेशक एंजेलिका हाकमे से भी गहन चर्चा की।

# मिड डे मील कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** मिड डे मील कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा की ओर से अपने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में पानीपत जिला सचिवालय पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार सौरभ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल को पट्टी कल्याणा गर्ल्स हाई स्कूल की मुख्य अध्यापिका ने तानाशाही रवैया करते हुए उनको स्कूल से निकलवा दिया है। वहीं, आईयूटीयूसी के राज्य उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी ने कहा मिड डे मील कार्यकर्ता को प्रताड़ित करने वालों के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है। वहीं यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल ने बताया कि वह स्कूल के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रही थी। अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो अगले महीने पूरे हरियाणा की मिड डे मील कार्य करता शिक्षा मंत्री के आवास पर विशाल प्रदर्शन करेगी। आंदोन में सेवानंद, कमलेश, वीरमति, शीला व सुनीता आदि ने भाग लिया।

---




बाल विवाह के विरूद्ध जागरूकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी ।

## बाल विवाह के विरूद्ध जागरूकता रैली निकाली

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवाह और पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा के छात्रों ने रैली निकाल कर बाल विवाह के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक। विद्यार्थियों ने गांव में रैली निकाल कर ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए उन्हें बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया। अक्षय तृतीया पर होने वाले संभावित बाल विवाहों के विरुद्ध यह जागरूकता अभियान एमडीडी ऑफ इंडिया, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला संरक्षण बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया था। एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है। प्रिंसिपल सुरेंद्र कादियान ने कहा कि बाल विवाह किशोरियों के अधिकारों का हनन है। सामाजिक कार्यकर्ता पायल ने कहा कि लोगों को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूक किया जाना चाहिए।

*स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहे नागरिक*

# शिविर में मेडिकल कैंप में 325 नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आदर्श एक विश्वास सोसाइटी के अध्यक्ष नवीन मुंजाल, जरूरमंद को चश्मा देते हुए। फोटो :हरिभूमि

श्री डेरा बाबा जोध सचियार महिला विंग व आदर्श एक विश्वास सोसाईटी द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 70 वां मेडिकल कैम्प व नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 325 मरीजों का स्वास्थ्य जांच,दवाई, चश्मे ,खून जांच की गई। जिसमें मुख्यअतिथि मेयर कोमल सैनी, पार्षद सांची तनेजा भी उपस्थित रही। कैम्प का शुभारंभ डेरा बाबा जोध सचियार के सतनाम सिंह ने किया। मेडिकल कैंप में डा. संजय सेन फिजिशियन, डा.निधि आहूजा, डा.पुलकित गोयल, डा.पारस सहगल, डा. विकास अनेजा व डा.गरिमा अनेजा ने मरीजों की जांच कर दवाइयां दी। श्री बाबा जोध सचियार महिला विंग के प्रधान वनिता रानी ने बताया की महिला विंग का मुख्य उद्देश्य जरुरतमंद की सेवा करना है। वहीं आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल ने बताया ये संस्था का 70वां मेडिकल कैम्प है। इस अवसर पर वीणा डुडेजा, नरेंद्र कौर, आशा तहरी, राज गुलाटी, राज ग्रोवर, पलक, इंदु ग्रोवर, वीणा बठला, कैलाश ढींगरा, शोभा मेहंदीरत्ता स्वीटी बठला ने कैम्प में सेवा की।

## व्यक्तित्व निर्माण का मूल आधार है भाषाः डॉ. शशि

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग के द्वारा बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए टैगलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक द्वारा किया गया। डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों की सोच को जब शब्दों का आकार मिलता है तब वह समाज को दिशा देने वाली शक्ति बन जाती है। टैगलाइन जैसी सूक्ष्म रचनात्मक विधा में बड़ी बातों को सरल शब्दों में कहना एक कला है। जिसे यह प्रतियोगिता विकसित करने का प्रयास करती है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अलग-अलग सामाजिक, शैक्षणिक, पर्यावरणीय व नैतिक विषयों पर आधारित टैगलाइन प्रस्तुत की। विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा ने भी छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा भाषा का प्रयोग केवल विचारों के आदान.प्रदान का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का मूल आधार होता है। प्रतियोगिता का आयोजन क्लास मेंटर जागृति सैनी के मार्गदर्शन में हुआ।



---

# गुजरात लायंस ने जीता टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** डीपीएस पानीपत सिटी में विजेता टीम मेयर कोमल सैनी के साथ। फोटो :हरिभूमि

डीपीएस पानीपत सिटी में पांच दिवसीय नेशनल लेवल ऑल इंडिया अंडर 14 चैंपियन ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का आज समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीपीएस पानीपत सिटी की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने किया था। टूर्नामेंट में अलग-अलग राज्यों की पांच टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें पंजाब सुपर किंग, गुजरात लायंस, डेली वॉरियर्स चंडीगढ़, दिल्ली कैपिटल्स और हरियाणा फाइटर की टीमों ने चार.-चार लीग मैच खेले और टॉप 2 टीम हरियाणा फाइटर एवं गुजरात लायंस ने फाइनल मैच खेला। फाइनल मैच में गुजरात लायंस ने हरियाणा फाइटर की टीम को 7 विकेट से शिकस्त देकर इस टूर्नामेंट पर अपना कब्जा जमा लिया। समापन समारोह में निगम की मेयर कोमल सैनी मुख्य अतिथि तथा सन्नी सैनी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में गुजरात टीम के कोच अली खान, चंडीगढ़ कैपिटल्स के कोच विक्रांत मित्तल, हरियाणा फाइटर के कोच नरेंद्र कुमार, बीसीसीआई कोच व पंजाब सुपर किंग के कोच कश्मीर सिंह व दिल्ली कैपिटल्स के कोच त्रिलोक कुमार उपस्थित थे।

## मंडियों में 2.52 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में बीस अप्रैल तक मंडियों में 252719.3 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई है व 216878.1 मीट्रिक टन की खरीद हुई है और 121027.2 मीट्रिक टन की अब तक लिफ्टिंग हुई है। वहीं, सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। पानीपत मंडी में 26994.8 मीट्रिक टन की आवक हुई व 25894.2 मीट्रिक टन की खरीद हुई व 15510.9 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। बाबरपुर मंडी में अब तक 14978.3 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई व 14643.2 की खरीद हुई और 15650 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। बबैल मंडी में 3833.7 मीट्रिक टन की आवक हुई व 3805.8 की खरीद हुई और 2375 की लिफ्टिंग हुई।

*पर्यटन विभाग के 22 विद्यार्थियों का चयन किया*

# पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएंः डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के चयनित विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

आर्य कॉलेज के पर्यटन विभाग द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रतिष्ठित ग्लोब इंडिया व फैंटसी ट्रवैल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की और पर्यटन विभाग के 22 विद्यार्थियों का चयन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कंपनियों से आए प्रतिनिधियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया और साथ ही, पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अंकुर मित्तल, प्राध्यापक नवीन, प्राध्यापिका काजल राणा, प्राध्यापक साहिल शर्मा व प्राध्यापिका यामिनि दहिया को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज के पर्यटन विभाग द्वारा एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाया गया।

---

### मातृत्व सहायता योजना का लाभ लें

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता' योजना को सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में शामिल किया है। साथ ही, इसके तहत प्रदान किए जाने लाभों के लिए 45 दिन की समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया बताया कि 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता' योजना के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी को पदनामित अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी (पोषण)/उप-निदेशक को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी और संयुक्त निदेशक/अतिरिक्त निदेशक को द्वितीय शिकायत निवारण

### क्राइम को जीरो करेंगे

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने अपराधों की रोकथाम व कानून एवं व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इंचार्जों की क्राइम बैठक ली। इस दौरान कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाही की समीक्षा लेकर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए।

---

### ध्वज में श्रद्धालुओं को मन्नत के धागे बांधे थे

# मेहंदीपुर बालाजी के दरबार में चढ़ाया 51 फुट का ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** श्री अवध धाम हनुमान जन्मोत्सव समिति के सदस्य मेहंदीपुर बालाजी में ध्वज को चढ़ाने के लिए जाते हुए। फोटो :हरिभूमि

अवध धाम सेवा समिति एवं अवध धाम हनुमंत जन्मोत्सव समिति के द्वारा श्री अवध धाम हनुमंत वार्षिक महोत्सव मनाया गया था। वहीं श्री अवध धाम हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा ऐतिहासिक किले से ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया था। इस यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया यात्रा के दौरान 5100 महिलाओं ने मंगल कलश अपने सिर पर धारण करके नगर परिक्रमा करते हुए अवध धाम मंदिर तक आई गई थी। इधर, अवध धाम सेवा समिति एवं अवध धाम हनुमंत जन्मोत्सव सेवा समिति ने आयोजित इस कार्यक्रम में नगर की सभी धार्मिक सामाजिक संस्थाओं ने अपना सद्भाव रखा। इस यात्रा के अंदर विशेष आकर्षण का केंद्र रहा अयोध्या धाम के हनुमानगढ़ी के हनुमान जी के साक्षात रूप में दर्शन और साथ ही 51 फुट का ध्वज का इस पवित्र यात्रा में सम्मिलित किया गया। 51 फुट के ध्वज में श्रद्धालुओं को मन्नत के धागे बांधे थे। वहीं पानीपत के के हजारों लोगों ने 51 फुट के ध्वज में रक्षा सूत्र कलावा बांधकर अपनी मन्नतें मांगी थी। इस झंडे को मेहंदीपुर बालाजी ले जा कर बालाजी के चरणों में अर्पित किया। इस अवसर पर श्री अवध हनुमंत जन्मोत्सव के सह संयोजक सुरेंद्र गर्ग, मुनीष जैन, मुकेश बोस, हिमांशु गौतम, डीबी गोयल, विशाल वर्मा, प्रीतम गुर्जर, अजय शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, किरण मलिक, मुकेश मित्तल, संदीप गर्ग, सतीश धीमान, पूनम धीमान आदि उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**नरिन्द्र सिंह पुत्र श्री गुरमीत सिंह निवासी मकान नम्बर 1196/7, आई.बी कालेज, जी.टी. रोड, पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है नरिन्द्र सिंह पुत्र श्री गुरमीत सिंह निवासी मकान नम्बर 1196/7, आई.बी. कालेज, जी.टी. रोड, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री गुरमीत सिंह पुत्र श्री गुरबचन सिंह निवासी मकान नम्बर 1196/7, आई.बी. कालेज, जी.टी. रोड, पानीपत की दिनांक 14.08.2021 को मृत्यु हो चुकी है एवम प्रार्थी की माता श्रीमति महिन्द्र कौर की भी दिनांक 20.12.2005 को मृत्यु हो चुकी है और प्रार्थी की दादी श्रीमति हरवंस कौर जी की भी काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उतराधिकारी दर्शाये गये है। मिनाक्षी नारंग वार्ड नम्बर 9, नगर निगम पार्षद पानीपत, एवम रवि पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है :-

1. परमजीत कौर पुत्री व 2. नरिन्द्र सिंह पुत्र श्री गुरमीत सिंह पुत्र श्री गुरबचन सिंह यानि कुल 2 ही वारिस है।

इनके ईलावा मृतक गुरमीत सिंह पुत्र श्री गुरबचन सिंह का अन्य कोई वारिस/उतराधिकारी नहीं हैं। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तेहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवम एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 21.04.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्टार, पानीपत**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**कुसुम बाम्बा धर्मपत्नी स्व. श्री राकेश कुमार बाम्बा, निवासी मकान न. 156, राम नगर, तहसील व जिला पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि कुसुम बाम्बा धर्मपत्नी स्व. श्री राकेश कुमार बाम्बा निवासी मकान न. 156, राम नगर, तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पति स्व. श्री राकेश कुमार बाम्बा सुपुत्र स्व. श्री दर्शन लाल निवासी मकान न. 156, राम नगर, तहसील व जिला पानीपत एक जायदाद मकान न. 156, राम नगर जो 30 वर्गगज वसीका नंबर 2922 दिनांक 28.06.2011 व एक जायदाद प्लॉट न. 102 सेक्टर 40 आठ मरला जो 243.41 वर्गगज वसीका नंबर 5344 दिनांक 28.11.2013 राकेश कुमार बाम्बा के नाम है व राकेश कुमार बाम्बा का दिनांक 17.11.2020 को स्वर्गवास हो चुका है। जिसकी रिपोर्ट पार्षद अंजली शर्मा व जितेन्द्र पटवारी से करवा दी गई है जो कि साथ संलग्न है। कुसुम बाम्बा के पति के निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं :-

1. सत्या रानी (माता) 2. कुसुम बाम्बा (पत्नी) 3. संगीता बाम्बा (अविवाहित पुत्री) 4. हर्षित बाम्बा (पुत्र)। इनके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारियों की बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 30 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 22.06.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

**खबर संक्षेप**

### एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**नारायणगढ़।** एसडीएम शाश्वत सांगवान ने कहा कि सरकार का समाधान शिविर लगाने का उदेश्य है कि लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित गति के साथ हो। एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहने से अगर कोई समस्या एक से अधिक विभागों से जुड़ी है तो उस पर भी विचार-विमर्श कर समाधान किया जा सके। एसडीएम सोमवार को उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देशानुसार अब सप्ताह में सोमवार और वीरवार को शिविर आयोजित होते हैं।

### एडीसी ने की शिविर की अध्यक्षता

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता में है। इसी वजह से सभी अधिकारी समाधान शिविर में पहुंच लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर जल्द समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने समाधान शिविर में पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को सुनकर समाधान करने के निर्देश दिए।

### 30 तक करवाएं ई-केवाईसी

**अंबाला।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा द्वारा निर्देशित जिला के सभी पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) लाभार्थियों जिनमें बीपीएल व एएवाई राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवाईसी पोस मशीन में अंगूठा लगाकर 30 अप्रैल 2025 तक करवाई जानी अनिवार्य है। समस्त लाभार्थियों से आग्रह किया जाता है कि वे 30 अप्रैल 2025 से पूर्व अपने संबंधित राशन डिपो पर जाकर पोस मशीन में अंगूठा लगाकर ई-केवाईसी जरूर करवाएं ताकि उन्हें सरकार द्वारा वर्तमान एवं आगामी योजनाओं तथा सुविधाओं का लाभ बिना बाधा के मिलता रहे।

## डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महात्मा हंसराज की पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम

# नन्हे छात्रों की शानदार अभिव्यक्ति ने देशप्रेम की भावनाओं में भरा नया रंग



अंबाला। छात्र अर्णव की पेंटिंग सम्मानित करते करते डॉ. गुरचरण सिंह व प्रिंसिपल बाजवा। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम में वैदिक परंपराओं की गरिमा और राष्ट्रभक्ति की भावना का एक अद्वितीय संगम देखने को मिला। बच्चों ने सभी उपस्थितों के हृदय को भाव-विभोर कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में सोमवार को महात्मा हंसराज की पुण्य जयंती एवं विद्यालय के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैदिक परंपराओं की गरिमा और राष्ट्रभक्ति की भावना का एक अद्वितीय संगम देखने को मिला। इससे सभी उपस्थितों के हृदय को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के नन्हे छात्रों की रंग-बिरंगी बालून रैली से हुई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों और नृत्यों ने सभी का मन मोह लिया और छोटे बच्चों की मासूम अभिव्यक्ति ने देशप्रेम की भावनाओं को नए रंगों से भर दिया। सीनियर सैकेंडरी विभाग में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक हवन यज्ञ में वैदिक मित्रों द्वारा स्वामी दयानंद व महात्मा हंसराज को स्मरण किया गया मंच पर प्रस्तुत कार्यक्रमों में सबसे प्रमुख आकर्षण एक अत्यंत भावपूर्ण एवं संगीतमय लघु नाटिका रही। इस नाटिका में लाला लाजपत राय, राम प्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, गुरुदत्त विद्यार्थी एवं महात्मा हंसराज जैसे राष्ट्रभक्तों की भूमिकाएं छात्रों ने अत्यंत सजीवता से निभाई। संगीत और अभिनय का ऐसा समन्वय मंच पर देखने को मिला जिसने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। देशभक्ति की लहर दौड़ा दी।





अंहाला। कार्यक्रम में रंग बिरंगी ड्रेस में मौजूद छात्राएं व नाटक प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम की आध्यात्मिक उंचाई उस समय देखने को मिली जब संगीत विभाग के दिनेश के निर्देशन में तैयार किया गया भजन 'भगवान आर्यों को ऐसी लगन लगा दे' प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की मधुर वाणी में इस भजन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 10 की अनन्या तथा कक्षा 6 की दिशिता और परिणीता ने कविताओं के माध्यम से महात्मा हंसराज के त्याग और सेवा को शब्दों में बांधा। साथ ही शिक्षिका सुमन शर्मा द्वारा प्रस्तुत कवि-श्रद्धांजलि ने सभी के मन में गहरी छाप छोड़ी।

प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को वैदिक जीवनशैली अपनाने, वैज्ञानिक सोच विकसित करने और समाज कल्याण के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने विशेष रूप से संगीत विभाग के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं बल्कि जीवन मूल्यों, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम से भी समृद्ध होती है।

## सातवीं कक्षा के छात्र की पेंटिंग विशेषतौर पर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज वार्षिक आर्ट प्रदर्शनी स्पेक्ट्रम का आयोजन किया गया। इसमें आर्ट विभाग के करीब 60 छात्रों ने अपनी पेंटिंग्स प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि व कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट विभाग के चेयरपर्सन डॉ. गुरचरण सिंह ने छात्रों की प्रतिभा की जमकर प्रशंसा की।

इस मौके पर उन्होंने यमुनानगर से आए सातवीं कक्षा के छात्र अर्णव की पेंटिंग को विशेष तौर पर सम्मानित किया। मुख्यअतिथि के कॉलेज पहुंचने पर प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा व फाइन आर्ट विभाग के अध्यक्ष डॉ. रणदीप ने स्वागत किया। प्रिंसिपल बाजवा ने कहा कि फाइन आर्ट विभाग हर साल इस एक्जीबिशन का आयोजन करता है। मुख्य अतिथि डॉ गुरचरण सिंह ने कहा कि ऐसी एक्जीबिशन आम तौर पर यूनिवर्सिटी में लगती है लेकिन छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के छात्रों ने दिखा दिया कि उनमेंयूनिवर्सिटी के बराबर प्रतिभा है। यह प्रदर्शनी दो दिन चलेगी। दूसरे दिन स्कूल कॉलेज के छात्रों के लिए प्रवेश रहेगा।

## साइबर अपराध की दी जानकारी

**अंबाला।** सोहन लाल डीएवी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल अम्बाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला द्वारा साइबर धोखाधड़ी पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय लोगों में साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों में जागरूकता लाना था, तथा कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देना था। स्कूल प्रिंसिपल ने साइबर अपराध पर बच्चों को अवगत करवाया, इसके बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से पैनल अधिवक्ता गीता रानी तथा रोटरी क्लब अंबाला सेंटर के मेंबर भी मौजूद रहे।

## सुनीं जाएंगी बिजली समस्याएं

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के कार्यकारी अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 24 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को प्रातः: 11 से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। डिविजनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन की अध्यक्षता कार्यकारी अभियंता करेंगे। फोरम में बिजली संबंधित वे समस्याएं सुनी जाएंगी जिनका उपमंडल अधिकारी कार्यालय से भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है।

## गुरदीप ने जीती रैली

**अंबाला।** ग्लोब टोयोटा अंबाला ने अपने टोयोटा शोरूम में एक रोमांचक माइलेज रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया जिसमें ग्राहकों को 30 किलोमीटर के मार्ग के माध्यम से ड्राइविंग के रियल वर्ल्ड का अनुभव प्रदान किया गया। इसमें हाइवे एरिया और शहर के अंदर की ड्राइविंग स्थितियां दोनों शामिल थीं। अंबाला के गुरदीप सिंह ने अपनी हाइराइडर हाइब्रिड पर 42.6 किलोमीटर प्रति लीटर की माइलेज के साथ रैली जीती। रैली रूट में दैनिक ड्राइविंग चुनौतियों को शामिल किया गया था।




शहजादपुर। नशे के खिलाफ जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## छात्राओं ने किया नशे के खिलाफ जागरूक

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशे के दुष्प्रभावों और स्वस्थ जीवन-शैली के महत्व को रचनात्मक और जीवंत प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचाया जिसने सभी को गहरे चिंतन के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वयंसेवकों ने नशे की लत से होने वाले सामाजिक, शारीरिक और मानसिक नुकसानों को प्रभावी ढंग से उजागर किया। साथ ही उन्होंने युवाओं और समुदाय को नशा मुक्त हरियाणा के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। यह आयोजन साइक्लोथॉन 2.0 के तहत नशा मुक्त हरियाणा थीम के अंतर्गत किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और नशे के खिलाफ एकजुटता को प्रोत्साहित करना है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने अपने कथन में कहा कि नशा हमारे समाज और विशेष रूप से युवाओं के लिए एक गंभीर चुनौती है। स्वयंसेवकों का यह नुक्कड़ नाटक नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ईना गुप्ता भी उपस्थित रही। उन्होंने स्वयंसेवकों के जोश और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि हमारे स्वयंसेवक नशा मुक्ति के संदेश को समाज के हर कोने तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प हैं।

## छात्राओं ने बनाए स्वादिष्ट व्यंजन, तान्या के व्यंजन को मिला पहला इनाम

- संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में आयोजित हुई कुकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में न्यूट्रीशन साइंस और कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन बीएससी साइंस विभाग की इंचार्ज शबनम और जसलीन की देखरेख में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया।

छात्राओं ने दही भल्ले, चना चाट, मिल्क बादाम, चूरमा, मावा के पेड़े, गोलगप्पे आदि स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी पाक कला का परिचय दिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं की इस प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि यह समय में लड़कियों के लिए शिक्षा के साथ-साथ अच्छे और स्वच्छ वातावरण में स्वादिष्ट भोजन बनाने की कला भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि यदि हम चाहें तो बाजार से बेहतर व्यंजन घर पर ही बना सकते हैं। प्रतियोगिता में तान्या को प्रथम, शिलवी को द्वितीय और खुशबू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि संजना को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्या ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




बराड़ा। प्रतिभागियों की प्रतिभा का अवलोकन करते हुए स्टाफ। फोटो : हरिभूमि



## लिवासा हॉस्पिटल्स ने पंजाब में बढ़ते लिवर सिरोसिस मामलों को लेकर बढ़ाई जागरूकता

- पंजाब में लिवर हेल्थ ट्रेंड्स पर डाली रोशनी, समय पर जांच और लाइफस्टाइल में बदलाव की दी सलाह

**चंडीगढ़।** पंजाब की सबसे बड़ी एनएबीएच मान्यता प्राप्त सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल चेन लिवासा हॉस्पिटल्स ने आज प्रेस क्लब, चंडीगढ़ में वर्ल्ड लिवर डे के मौके पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंजाब में बढ़ते लिवर रोगों, विशेषकर लिवर सिरोसिस, के मामलों पर जागरूकता फैलाना और लोगों को समय रहते जांच और बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित करना था। पंजाब में अनुचित जीवनशैली, अधिक शराब सेवन, और समय पर इलाज की कमी के कारण लिवर रोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। राज्य में लिवर से जुड़ी बीमारियों की दर देश में सबसे अधिक में से एक है। डॉ. पवन कुमार, डायरेक्टर और सीईओ, लिवासा हॉस्पिटल्स ने कहा हमारा उद्देश्य सिर्फ इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि बचाव, जागरूकता और समुदाय की लंबी अवधि की सेहत को प्राथमिकता देना भी है। वर्ल्ड लिवर डे हमें याद दिलाता है कि लिवर की बीमारियां अक्सर चुपचाप बढ़ती हैं और अब यह राष्ट्रीय स्तर पर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन रही है। हमारी टीम उन्नत तकनीक और विशेषज्ञता से लैस है, लेकिन सबसे ज़रूरी है लोगों तक यह जानकारी पहुंचाना कि समय रहते जांच और स्वस्थ जीवनशैली ही सबसे बड़ा बचाव है। डॉ. (प्रोफेसर) अरुणांशु बेहेरा, डायरेक्टर और प्रोफेसर, एचपीबी जीआई सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांट ने बताया दुनिया अब एनएएफइएलडी (नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज) के बारे में जागरूक हो रही है, और भारत ने इसे 2021 में एक नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज घोषित किया था। अब लिवर सिरोसिस सिर्फ वृद्धावस्था की समस्या नहीं रही – 30 साल की उम्र में भी लोग गंभीर लिवर रोग लेकर आ रहे हैं। देर से जांच और जागरूकता की कमी इलाज को जटिल बना देती है। इस साल की थीम है '**Food is Medicine**', इसलिए सभी को सलाह है कि समय रहते लिवर की जांच करवाएं और स्वस्थ आहार अपनाएं। डॉ. सुमीत कंठ, सीनियर कंसल्टेंट, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और हेपाटोलॉजी ने कहा पंजाब में शराब से जुड़ा लिवर सिरोसिस एक मुख्य चिंता है। यह बीमारी पूरी तरह से बचाव योग्य है, लेकिन जांच की कमी और समय पर डॉक्टर से परामर्श न लेने के कारण कई मरीज गंभीर अवस्था में पहुंच जाते हैं। हमारे पास लिवर ट्रांसप्लांट सहित सभी जटिल मामलों को संभालने के लिए मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम है।

## बहबलपुर के परिवार ने राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु, पूर्व मंत्री पर परेशान करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

- अंबाला शहर में कई जगह चस्पाए पोस्टर, पुलिस पर पंचायत के साथ मिलकर झूठे केस दर्ज करने का आरोप

बहबलपुर गांव के एक परिवार ने पूर्व मंत्री पर परेशान व सत्ता का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। परिवार ने इसको लेकर राष्ट्रपति से इक्षा मृत्यु या फिर न्याय दिलाने के लिए परिवार ने पत्र लिखा है। इसके साथ ही अब अंबाला शहर में जगह-जगह इसके पोस्टर लगाए गए हैं। बता दें कि गांव बहबलपुर में एक जमीनी विवाद चल रहा है। परिवार और पंचायत इसमें आमने-सामने है लेकिन परिवार का आरोप है कि इसमें पूर्व मंत्री का दखल हो रहा है। उन पर झूठे केस बनाए जा रहे हैं। परिवार के सदस्य दलजीत ने बताया कि उनके गांव में एक जमीन है जिसके पीछे पंचायत और सरपंच काफी समय से पड़ा हुआ है। इस मामले में वह कोर्ट से भी केस 2011 में जीत चुके हैं। इसके बाद भी पंचायत के लोग उनको परेशान कर रहे हैं। पंचायत के लोग इनसे जमीन छीनने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह अभी हाल ही में इस जमीन पर स्टे लेकर आए हैं, लेकिन कोई इस स्टे को मानने के लिए तैयार नहीं है। आरोप है कि इस पूरे मामले में कई झूठे मुकदमे पंचायत ने उनके परिजनों पर दर्ज कराए हैं। कई बार वह जेल में भी रहकर आ चुके हैं। कई बार उनसे प्लॉट को छीनने का भी प्रयास कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि कई बार तो प्लॉट में आग तक लगाई जा चुकी है। पुलिस हमारी शिकायत न लेकर पंचायत के साथ मिलकर गलत काम कर रही है।

इस मामले में पीड़ित परिवार ने एक पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल किया हे जिसमें आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री सत्ता का गलत प्रयोग करता है। वह डरा धमका लोगों से उनकी जमीन छिनता है। इसके साथ ही उसमें यह भी लिखा है कि भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों पर दबाव बना कर झूठे मुकदमे भी दर्ज कराता है। अब यह पोस्टर शहर के विभिन्न इलाकों में लगाए गए हैं। हालांकि इस मामले में पूर्व मंत्री का कहना है कि इस मामले से उनका कोई लेना देना नहीं है।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो और चंडीगढ़ प्रशासन ने पोषण पखवाड़े का किया सफल आयोजन

**चंडीगढ़।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन, केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने चंडीगढ़ प्रशासन के सहयोग से दिनांक 8 अप्रैल से 22 अप्रैल, 2025 तक पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण मना रहा है। इस कार्यक्रम में पोषण और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक प्रदर्शन और सामुदायिक आउटरीच गतिविधियाँ शामिल हैं

सीबीसी चंडीगढ़ की निजी पंजीकृत मंडलियों द्वारा चंडीगढ़ के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किये गए। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से उचित पोषण, मोटापे की रोकथाम, मातृ देखभाल, पोषण ट्रैकर एप और बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिनों के महत्व जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर जागरूक किया। सांस्कृतिक गतिविधियाँ के माध्यम से इस वर्ष के अभियान की थीम 'शुद्ध जल और स्वच्छता से स्वस्थ बचपन' पर जोर दिया, जिसकी टैगलाइन थी 'पूर्ण पोषण की शुरुआत, शुद्ध जल और स्वच्छता के साथ'।



कार्यकर्मों में जीवन के पहले 1000 दिनों के महत्व, पोषण ट्रैकर ऐप को बढ़ावा देने, सीएमएएम मॉड्यूल (समुदाय-आधारित कुपोषण का प्रबंधन) और बचपन के मोटापे से निपटने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने जैसे प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला गया।

इन गतिविधियों के आयोजन ने उचित पोषण प्राप्त करने में स्वच्छ पानी और स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका को मजबूत किया।

### सरकार के 72 घंटों में गेहूं खरीद और उठान के दावे हुए फेलः चौधरी

# अनाज मंडियों में फसल का समय पर उठान न होने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

इन दिनों में अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य चला हुआ है। खरीद के अनुसार मंडियों में न तो बारदाना उपलब्ध हो रहा है और न ही फसल का समय से उठान हो रहा है। इलाके की सभी अनाज मंडियां गेहूं से अटी पड़ी हैं। समय पर फसल का उठान न हो पाने से मंडी में अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें मंडी में फसल डालने के लिए जगह नहीं मिल रही है। लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने सोमवार को मंडियों में सरकार के दावों की पोल खोली।

चौधरी अनाज मंडी साहा में गेहूं की फ़सल खरीद का जायज़ा लेने पहुंचे थे। इस दौरान किसानों ने उन्हें फसल खरीद में आने वाली परेशानियों का दुखड़ा सुनाया। जिस पर सांसद वरूण चौधरी ने कहा कि हर सीजन में मंडियों में बारदाने की कमी हमेशा बनी रहती है इसके कारण आढ़तियों व किसानों को अनेकों समस्याएं आती हैं। सरकार दावे कर रही है कि मंडियों और खरीद केंद्रों में इस बार समुचित प्रबंध किए गए है पर मंडियों की अव्यस्था इस बात की चीख-चीख कर गवाही दे रही है कि खरीद और उठान की व्यवस्था सही न होने पर मंडी के अंदर और मंडी के बाहर सडक़ों पर गेहूं की ढेरियां लगी हुई हैं। यहां एक ओर उठान की समस्या है तो वहीं मौसम भी मंडी में पहुंची फसल को खराब कर रहा है। शुक्रवार देर रात हुई बारिश के कारण मंडियों में पड़े गेहूं के ढेर भीग गए। फसल के ढेरों के नीचे पानी जमा हो गया।



बराड़ा। अनाज मंडी का दौरा करते हुए सांसद वरूण चौधरी। फोटो : हरिभूमि

इस कारण किसानों सहित आढ़तियों व मजदूरों को भी बहुत नुक्सान पहुंचा है। ऐसे में मंडियों में पहुंच चुके गेहूं की समय से बिक्री और उठान नहीं होने से किसान तथा सरकार दोनों को नुकसान हो रहा है। सांसद ने कहा कि सरकार को अपने वादे के अनुसार गेहूं की खरीद व गेहूं का उठान 48 घंटे के साथ-साथ 72 घंटे में गेहूं खरीद का भुगतान करना चाहिए। मंडियों में गेहूं खरीद के लिए जो मूलभूत सुविधा नहीं है। सरकार को गेहूं खरीद के लिए मंडियों में पुक्ता से पुख्ता प्रबंध करने चाहिए ताकि भविष्य में किसान आढ़ती व मजदूर को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005